अमर उजाला 24/02/2026

विद्यार्थियों को समझाया भाषा का महत्व

अंबाला। जीएमएन कॉलेज भारतीय ज्ञान परंपरा और मातृ भाषाएं विषय पर सामूहिक विचार-विमर्श का आयोजन किया गया। इसमें भाषायी विभागों के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कॉलेज आईकेएस इकाई के अध्यक्ष डॉ. अनीश ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की जड़ें हमारी मातृ भाषाओं में निहित हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि मातृ भाषाएं न केवल संप्रेषण का माध्यम हैं, बल्कि वे हमारी परंपरा, मूल्यबोध और बौद्धिक विरासत की सशक्त वाहक भी हैं। यह आयोजन सफल रहा। संवाद